# Class - 3
# Subject - HINDI
## पाठ – 1 उठो लाल

1. शब्दार्थ :–

| | | |
|---|---|---|
| लाल | – | बेटा, पुत्र |
| चहक | – | चिड़िया का चहचहाना |
| नभ | – | आकाश |
| न्यारी | – | अनोखी |
| कमल दल | – | कमल की पंखुड़ी |
| अति | – | बहुत अधिक |
| भोर | – | सुबह |
| उग | – | निकलना |

<u>मौखिक</u>

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

1. कविता में माँ ने लाल किसे कहा है?

उत्तर कविता में माँ ने लाल पुत्र को कहा है।

2. सुबह क्या चहचहाने लगतीं हैं?

उत्तर सुबह चिड़ियाँ चहचहाने लगतीं हैं।

3. इस कविता के माध्यम से कवि क्या शिक्षा देना चाहता है?

उत्तर इस कविता के माध्यम से कवि यह शिक्षा देना चाहते हैं कि हमें सुबह जल्दी उठकर सारा काम खत्म करना चाहिए। यह समय बहुत ही मूल्यवान है अर्थात व्यर्थ में इसे गँवाना नहीं चाहिए।

<u>लिखित</u>

3. 1. माँ अपने बेटे को क्या कहकर उठा रहीं है?

उत्तर माँ अपने बेटे को लाल कहकर उठा रहीं है।

2. सुबह–सुबह कैसी हवा चलती है?

उत्तर सुबह–सुबह अति सुंदर हवा चलती है।

3. सुबह होते ही क्या उग आता है?

उत्तर सुबह होते ही सूरज उग आता है।

4. कविता की पंक्तियों को पूरा कीजिए।

क. चिड़ियाँ चहक <u>उठीं पेड़ों पर</u>
<u>बहने लगी हवा</u> अति सुंदर,

ख. नभ में न्यारी लाली छाई,
धरती ने <u>प्यारी छवि पाई</u>।

ग. <u>भोर हुई सूरज</u> उग आया,
जल में पड़ी <u>सुनहरी छाया</u>।

घ. ऐसा सुंदर समय न खाओ
मेरे प्यारे <u>अब मत सोओ</u>।